## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी एजेंसियों को घुसपैठ को रोकने के लिए कडे कदम उठाने का निर्देश दिया है।
2. जिला प्रशासन ने 30 अगस्त को आयोजित होने वाली NEET PG–2026 परीक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।
3. आटो ने सीमित हवाई संपर्क और हवाई किराए के मुद्दे पर प्रशासन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।
4. मध्योत्तर अंडमान जिला शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 30 अगस्त को डिगलीपुर में किया जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी एजेंसियों को घुसपैठ को रोकने के लिए कडे कदम उठाने का निर्देश दिया है। नई दिल्ली में नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन–2026 का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने निर्देश दिया कि विभिन्न राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं–एसओपी को तैयार करने के लिए बहु–एजेंसी केंद्र– एमएसी मंचों पर उपलब्ध सूचनाओं का एआई–आधारित विश्लेषण किया जाना चाहिए। आतंकवाद और कट्टरपंथ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए श्री शाह ने गृह मंत्रालय की प्रहार योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण, भगोड़ों को वापस लाकर और अनुपस्थिति में सुनवाई के प्रावधानों का उपयोग करके मुकदमों में तेजी लाने तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम – यूएपीए मामलों की जांच करते समय एक व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। दो दिवसीय सम्मेलन हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश भर से आठ सौ पचास से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने 30 अगस्त को आयोजित होने वाली NEET PG–2026 परीक्षा के निष्पक्ष, सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस परीक्षा के लिए डीब्रेट, मिडिल प्वाइंट स्थित एसआईएस कंप्यूटर एजुकेशन और इंडिया टेक्नोलॉजी को केन्द्र बनाया गया है। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी ने परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। अभ्यर्थियों को जारी दिशा–निर्देश और प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने कल अपना छियालीसवां स्थापना दिवस मनाया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुलता राव ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कॉलेज की यात्रा और इतिहास को दर्शाती एक लघु वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटरों ने द्वीपसमूह के लिए सीमित हवाई संपर्क और लगातार बढ़ते हवाई किराए के मद्देनजर प्रशासन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, हवाई अड्डा निदेशक मुनीर मदम्पत और नागरिक उड्डयन सचिव रजनीश कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में पर्यटन सीजन के दौरान द्वीपसमूह के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने और मौजूदा मार्गों पर अधिक क्षमता उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा प्रशासन से भी नागरिक उड्डयन मंत्रालय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विभिन्न एयरलाइंस के साथ इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाए जाने का अनुरोध किया गया।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। अगस्त माह तक की गई कार्रवाई के अनुसार एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 13 मामले दर्ज किए गए और नशीले पदार्थों को ज़ब्त किया गया। अदालत द्वारा अब तक 05 आरोपियों को दोषी ठहराया जा चुका है, जिन्हें कारावास की सजा और कुल छब्बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान वन प्रभाग के गाराचरमा रेंज के गश्ती दल ने हाल ही में मक्कापहाड़ राजस्व क्षेत्र से ज़ब्त अवैध लकड़ी पर कार्रवाई की। विभाग के अनुसार जंगलीघाट निवासी एस. रामकृष्ण के कार्य परिसर से 0.116 घन मीटर पडॉक की चिरी हुई लकड़ी और फर्नीचर पाया गया। पूछताछ के दौरान लकड़ी और फर्नीचर से संबंधित कोई भी वैध बिल या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वन विभाग ने आम नागरिकों से वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने प्रातरापुर ब्लॉक के तहत यूटी आत्मा के सहयोग से कल कालीकट गांव में एक किसान के खेत पर व्यावसायिक मुर्गी पालन में डीवर्मिंग और टीकाकरण पर एक प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रदर्शन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा कंपाउंडरों और ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर की उपस्थिति में किया गया। इसके अलावा हम्फ्रीगंज में पशु बांझपन निवारण शिविर का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों को वनराजा चूजे, डीवर्मिंग दवाएं, मिनरल मिक्सचर और ओविमिन बोलस वितरित की गईं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा मामले विभाग, की ओर से हाल ही में बैडमिंटन और स्क्वैश टूर्नामेंट के फाइनल तथा स्नूकर के क्वार्टर–फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट के सभी विजेताओं और उपविजेताओं को 29 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत विभिन्न खेल स्पर्धा जारी रहेंगे।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला शतरंज संघ, उप शिक्षा कार्यालय, डिगलीपुर और अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के सहयोग से मध्योत्तर अंडमान जिला शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप डिगलीपुर के बहुउद्देशीय सभागार में 30 अगस्त को खेला जाएगा। यह चैम्पियनशिप सभी शतरंज खिलाड़ियों के लिए खुली है। इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी सितंबर में श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली 'अंडमान निकोबार राज्य शतरंज चैम्पियनशिप' में भाग ले सकेंगे।

शीर्ष 4 खिलाड़ियों को आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना जाएगा। राज्य चैम्पियनशिप के लिए उनका प्रवेश शुल्क, यात्रा और रहने का खर्च एसोसिएशन द्वारा वहन किया जाएगा। पंजीकरण के लिए 100 रूपये प्रति खिलाड़ी निर्धारित की गई है, जबकि स्कूली छात्रों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। इच्छुक खिलाड़ी 28 अगस्त शाम पांच बजे तक 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं ।

<><><><><><>

## <u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा—इस समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलो इंडिया संवाद आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने एफ एस एस ए आई द्वारा भ्रामक विज्ञापनों को लेकर 150 से अधिक नोटिस जारी करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने बसंतीपुर के 12 छात्रों को केसीबी शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किए जाने, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने पिनाकी नगर—निम्बुडेरा के बीच सड़क की तुरंत मरम्मत के लिए ग्रामीणों द्वारा 15 दिन की अंतिम चेतावनी दिए जाने के समाचार को प्रमुखता देते हुए अपनी बड़ी खबर बनाई है।

<><><><><><>